राष्ट्रीय बालिका दिवस

सूचना
राष्ट्रीय बालिका दिवस

सभी छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक:24.01.2020 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' विषय पर महाविद्यालय एनएसएस द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम किया जायेगा। जिसमें सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी भाग लेना सुनिश्चित करें।

(1) 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' पर नाटक
(2) भाषण प्रतियोगिता विषय- 'महिला सशक्तिकरण'
(3) रंगोली प्रतियोगिता

समय: प्रात: 11.00 बजे
स्थान: महाविद्यालय सभागार

23.01.2020

प्रधानाचार्य
एच. डी. जैन कॉलेज, आरा

पर्व की रूप में मना राष्ट्रीय बालिका दिवस

संवाददाता ▷ आरा

एचडी जैन कॉलेज के एनएसएस द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस को एक पर्व के रूप में मनाया गया. वहीं, इस दिन को सदेश वाहक बनाने के लिए महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया. नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कन्या भ्रूण हत्या, दहेज, लिंग भेद आदि समस्याओं को उभारने के साथ बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया. प्रधानाचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार ओझा ने बताया कि देश की आधी जनसंख्या महिलाओं की है. फिर भी अभी भी उपेक्षित है. अभी भी बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष तौर पर ध्यान देने की आज भी आवश्यकता है. इस अवसर पर एनएसएस पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार तथा डॉ तबस्सुम बानो द्वारा महिला सशक्तिकरण पर परिचर्चा की गयी. इसमें महाविद्यालय की शिक्षिका डॉ माधुरी, डॉ अंजली गुप्त, डॉ वंदना, पूर्ति मालेर आदि ने सशक्तिकरण के जीवंत स्वरूप को प्रदर्शित किया.

नाटक मंडली के साथ प्राचार्य व प्रोफेसर.

राष्ट्रीय बालिका दिवस
24.01.2020

दिनांक 24.01.2020 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 'बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ' विषय पर महाविद्यालय NSS इकाई द्वारा महिला सशक्तिकरण से सम्बंधित जागरूकता कार्यक्रम किये गये -

1. बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ विषय पर नाटक मंचन
2. भाषण प्रतियोगिता - महिला सशक्तीकरण
3. रंगोली प्रतियोगिता

GIVE GIRLS THE
WINGS TO FLY,
NOT THE PAIN
TO CRY
AND
DIE
SAVE GIRL CHILD

Sonali

बालिका दिवस पर नुक्कड़ नाटक

जासं, आरा: राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एनएसएस के तत्वावधान में एचडी जैन कॉलेज में शुक्रवार को नुक्कड़ नाटक किया गया। जिसके माध्यम से एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कन्या भ्रूण हत्या, दहेज व लिंगभेद आदि समस्याओं पर छात्र-छात्राओं का ध्यान खींचा। नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इस मौके पर उपस्थित प्रधानाचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार ओझा ने कहा कि देश

आयोजन

- एनएसएस के तत्वावधान में एचडी जैन कॉलेज में किया जागरूक
- कन्या भ्रूण हत्या, दहेज व लिंगभेद आदि समस्याओं पर खींचा ध्यान

की आधी जनसंख्या जो महिलाओं की है। वह कितनी सशक्त है उस पर नाटक के पात्रों ने बखूबी से मंचन किया है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर एनएसएस पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार तथा डॉ तबस्सुम बानो के द्वारा महिला सशक्तिकरण प्रदर्शन परिचर्चा की गई। जिसमें डॉ माधुरी, डॉक्टर अंजली गुप्ता, डॉ वंदना, डॉ. पूर्ति माहोर आदि ने नारी सशक्तिकरण की जीवंत स्वरूप को प्रदर्शित किया। इस मौके पर रंगोली बनवा कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया।